तुरंत रिलीज के लिए

**नए एटोबीको क्रीक रेक्रिएशनल ट्रेल इंटररीजनल कनेक्शन की पड़ताल करें!**

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (6 जुलाई, 2021) – ब्रैम्पटन से मिसीसागा (Mississauga) तक और कैलडन (Caledon) तक एटोबीको क्रीक रेक्रिएशनल ट्रेल (Etobicoke Creek Recreational Trail) पर चिर-प्रतीक्षित इंटररीजनल कनेक्शन अब पूरा हो गया है। उपयोगकर्ता अब, तीन कम्युनिटीज के बीच में लगातार सैर, हाइकिंग या साइलकिंग कर सकते हैं।

नया दो-किलोमीटर का इंटररीजनल कनेक्शन, ब्रैम्पटन और मिसीसागा के बीच ट्रेल के बड़े अंतर को पूरा करता है, जिसके साथ कैनेडी रोड ट्रेल (Kennedy Road Trail) के प्रवेश-द्वार से सिटी की सीमा तक, हाईवे 407 (Highway 407) और हाईवे 410 (Highway 410) के नीचे सुरक्षित रास्ता बन गया है। यह लगातार, ऑफ-रोड क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन रूट प्रदान करता है, जो कैलडन में, लेक ओनटैरियो (Lake Ontario) और वाटरफ्रंट ट्रेल (Waterfront Trail) को जोड़ता है।

ब्रैम्पटन में ट्रेल, डाउनटाउन कोर के बीच से निकलती है, जो कई तरह की सांस्कृतिक और सीजनल गतिविधियों तक पहुंच प्रदान करती है। पूरी एटोबीको क्रीक रेक्रिएशनल ट्रेल, एटोबीको मिमिको वाटरशेड (Etobicoke Mimico Watershed) के साथ-साथ और कुदरती तथा शहरी परिवेश के बीच में से, लगभग 34.5 किलोमीटर तक फैली हुई है। टी.आर.सी.ए. (TRCA) और सिटी के द्वारा, ट्रेल के पर्यावरणीय फायदों में वृद्धि करने के लिए कैनेडी वैली (Kennedy Valley) के साथ-साथ, 4,000 से अधिक पेड़ और 14,000 झाड़ियां लगाई गई हैं।

यह पहलकदमी, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, टोरोंटो एंड रीजन कन्जरवेशन अथॉरिटी (टी.आर.सी.ए.) (Toronto and Region Conservation Authority) (TRCA), रीजन ऑफ पील (Region of Peel), टाउन ऑफ कैलडन (Town of Caledon), सिटी ऑफ मिसीसागा (City of Mississauga) और मिनिस्टरी ऑफ ट्रांसपोर्टेशन (Ministry of Transportation) के बीच सामूहिक प्रयास है।

यह कनेक्शन, सिटी के एक्टिव ट्रांसपोर्टेशन मास्टर प्लान (Active Transportation Master Plan) की हिमायत करता है, जिसका उद्देश्य पूरे शहर में कनेक्टिड साइकलिंग और पैदल चलने का नेटवर्क लागू करना और आसपास की म्युनिसिपल्टीज के साथ जुड़ना है, ताकि गैर-मोटराइज़्ड तरीकों से अधिक सुरक्षित, अधिक सुविधाजनक यात्रा को सक्षम किया जा सके और सुरक्षित, आकर्षक और कनेक्टिड ट्रेल्स प्रदान की जा सकें। सिटी के एक्टिव ट्रांसपोर्टेशन मास्टर प्लान के बारे में अधिक जानने के लिए, www.brampton.ca/atp पर जाएं ।

तीन किलोमीटर तक की एटोबीको क्रीक रेक्रिएशनल ट्रेल को कोक कैनेडा बॉटलिंग (Coke Canada Bottling) के द्वारा प्रायोजित (स्पांसर) किया गया है, जो कैनेडी रोड ट्रेल (Kennedy Road Trail) के प्रवेश-द्वार पर शुरू होकर, सिटी की सीमा तक है। यह ब्रैम्पटन

में रेक्रिएशनल ट्रेल के लिए सिटी का पहला कार्पोरेट प्रायोजक है और यह ट्रेल देखभाल को जारी रखने में योगदान देगा। स्पांसरशिप अवसरों के बारे में अधिक जानने के लिए, www.brampton.ca/sponsorship पर जाएं।

**हवाले**

"मुझे एटोबीको क्रीक रेक्रिएशनल ट्रेल इंटररीजनल कनेक्शन के पूरा होने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। ब्रैम्पटन एक ग्रीन सिटी है और स्वस्थ और सुरक्षित शहर है। हम साइकिल और सैर-अनुकूलित कम्युनिटी बनने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं हर किसी को क्रियाशील रहने और ट्रेल की पड़ताल करने की सलाह देता हूं। हमारे साझेदारों और प्रायोजक का धन्यवाद!"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"साइकलिंग की शौकीन होने के तौर पर, मैं नए एटोबीको क्रीक इंटररीजनल ट्रेल कनेक्शन को लेकर उत्साहित हूं, जो कई कम्युनिटीज के बीच में लगातार और सुरक्षित क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन रूट प्रदान करता है। मैं हर किसी को सलाह देती हूं कि ब्रैम्पटन की खूबसूरत और दर्शनीय ट्रेल्स का आनंद लें – अपनी बाइक पर, हाइकिंग या सैर करके।"

*- रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"हमें ब्रैम्पटन में एटोबीको क्रीक कनेक्शन को क्रियाशील बनाने और क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन की हिमायत करने के लिए हमारे साझेदारों के साथ सहयोग करने पर गर्व है। हर किसी के लिए बाहर निकलकर हमारे पार्कों और ट्रेल्स का आनंद लेना महत्वपूर्ण है और एटोबीको क्रीक ट्रेल दर्शनीय स्थल है!"

*- शार्मेन विलियम्स (Charmaine Williams), सिटी काउंसलर, वार्ड्स 7 और 8; वाइस-चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"सिटी का स्टाफ, ब्रैम्पटन में क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे कम्युनिटी साझेदारों और हमारे पहले ट्रेल कार्पोरेट प्रायोजक, कोक कैनेडा बॉटलिंग का धन्यवाद। मैं हर किसी को ट्रेल पर आने और ब्रैम्पटन में स्पांसरशिप अवसरों के बारे में अधिक जानने के लिए आमंत्रित करता हूं।"

*- डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

"टी.आर.सी.ए. को, ब्रैम्पटन और मिसीसागा के बीच में, एटोबीको क्रीक इंटररीजनल ट्रेल के अंदर दो-किलोमीटर के कनेक्शन के पूरा होने का जशन मनाने पर बेहद खुशी है। यह नई बनी ट्रेल, ब्रैम्पटन, मिसीसागा और कैलडन की कम्युनिटीज को जोड़ती है और लेक ओनटैरियो में वाटरफ्रंट ट्रेल से, कैलडन में ग्रीनबेल्ट ट्रेल तक एक सुरक्षित और ऑफ-रोड कनेक्शन प्रदान करती है। यह निवासियों की कुदरत के साथ और एक-दूसरे से जुड़ने में मदद करेगी और कम्युनिटी, रेक्रिएशन, क्रियाशील ट्रांसपोर्टेशन और स्वस्थ जीवन के लिए अवसर प्रदान करेगी।"

*- जेनिफर इन्निस (Jennifer Innis), चेयर, टी.आर.सी.ए. बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स*

“हम इस वर्ष, ब्रैम्पटन के लोकल बॉटलर बनने के 20 वर्षों का जशन मना रहे हैं और कम्युनिटी के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने में मदद के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम उत्साहित हैं कि ट्रेल सीधा हमारी फैसिलिटी के द्वारा चलाई जाएगी, ताकि हमारे कोक कैनेडा के सभी 1,300 लोकल कर्मचारी बाहर जाकर आनंद ले सकें, जो गर्व से कैनेडा के सबसे पसंदीदा पेय पदार्थों को सीधे यहां ब्रैम्पटन में बनाते, वितरित करते, व्यापार करते और बेचते हैं।”

*- ब्रांडन नूनन (Brandan Noonan), ब्रैम्पटन जनरल मैनेजर, कोक कैनेडा बॉटलिंग*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 70,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca